**VIKALP**
**SECURITIES LIMITED**

To,
The Listing Department
Bombay Stock Exchange, Mumbai
PhirozeJeejeebhoy Towers
Dalal Street,
Mumbai-400001

Date: 4/02/2020

Scrip Code:531334

**Sub: COPIES OF BOARD MEETING NOTICE PUBLISHED IN NEWSPAPERS**

Dear Sir,

Pursuant to regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015, we are attaching herewith scanned copies of the below mentioned newspapers in which we have published Notice of the Company's Board Meeting for considering Unaudited Financial Results for the quarter ended on 31.12.2019 for the aforesaid year of our Company :-

| NAME OF NEWSPAPERS | DATED | LANGUAGE | EDITION |
|---|---|---|---|
| Financial Express | 04th February, 2020 | English | Lucknow |
| Jansatta | 04th February, 2020 | Hindi | Lucknow |

Please take the aforesaid on records.

Thanking You,
For Vikalp Securities Limited

ArunKejriwal
Managing Director
DIN : 00687890

Regd. Office : 25/38, Karachi Khana, Kanpur - 208 001 Uttar Pradesh
CIN : L65993UP1986PLC007727; Contact No. : 0512-2372665
E-mail Id : vikalpsecuritieslimited@gmail.com • Website : www.vikalpsecurities.com

पदाधिकारियों के अलावा आम जन मानस ने भी पूर्ण समर्थन दिया। शहर भ्रमण के बाद जिला प्रशासन को ज्ञापन देने कलेक्टेज्ट पहुंचे सत्याग्रह आंदोलनकारियों का ज्ञापन लेने के लिए प्रशासन ने उपजिलाधिकारी को भेजा लेकिन पूर्व सांसद अन्नू टंडन जिलाधिकारी को बुलाने की मांग की। लेकिन बाद में ज्ञापन दे दिया।

पूर्व सांसद ने जिले भर से आए किसानों का नेतृत्व करते हुए भाजपा सरकार को किसान विरोधी बताया। कहा कि किसान व गाय की दुर्दशा हो रही है। पूर्व सांसद ने किसान व गाय की समस्याओं पर केंद्रित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। किसान सत्याग्रह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक व प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष ललितेशपति त्रिपाठ भी शामिल हुए।

और असंवैधानिक नए नागरिकता कानून के प्रति विरोध स्वरूप उठाया है। रविवार को रहमान को अलीगढ़ के लोढ़ा थाने ले जाया गया। रहमान ने संवाददाताओं से कहा कि उन्हें पुलिस ने एक नोटिस दिया है कि एएमयू में उनकी मौजूदगी से कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हो सकती हैं। लिहाजा, उन्होंने इसका पालन करने का फैसला किया है। वह प्रशासन की अनुमति लेने के बताया कि उन्हें 'एएमयू स्टूडेंट्स कोआर्डिनेशन कमेटी' ने नए नागरिकता कानून पर रविवार को संबोधित करने के लिए बुलाया था। उन्होंने कहा था, 'यह विधेयक भारत की धार्मिक बहुलतावाद के खिलाफ है। मैं सभी न्यायप्रिय लोगों से अनुरोध करता हूं कि वे लोकतांत्रिक तरीके से इस विधेयक का विरोध करें। यह संविधान की बुनियादी विशिष्टताओं के खिलाफ है।'

तैयारी पूरी कर ली गई है। आंदोलन को पांच चरणों में बांटा गया है जिसमें प्रखंड से लेकर लखनऊ तक सरकार को घेरने की रणनीति बनाई गई है। पार्टी कार्यकर्ता पूरे राज्य में भाजपा सरकार की नीतियों से नाराज़ किसानों के बीच जाकर उन्हें एकजुट करेंगे।उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत किसानों के नेतृत्व में कांग्रेस नेता जिला स्तर पर प्रशासन के साथ भाजपा के जनप्रतिनिधियों को भी घेरेंगे। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता किसान मांग पत्र लेकर डेढ़ करोड़ किसानों से जनसंपर्क करेंगे।इस बीच, कांग्रेस के एक के लिए पूरे प्रदेश में हर प्रखंड में दो बड़ी नुक्कड़ सभाएं होंगी, जिसमें कांग्रेस के प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। पार्टी ने पूरे प्रदेश में करीब 15 हज़ार नुक्कड़ सभाओं की रूपरेखा भी तैयार कर ली है।लल्लू ने कहा कि पूरे प्रदेश में किसान आवारा पशुओं से परेशान है। गन्ना किसानों के भुगतान की समस्याओं की खबरें लगातार आती रही हैं। पूर्वांचल में धान खरीद भी बिचौलियों के भरोसे हो रही है। बुंदेलखंड में लगातार किसान को बैंकों से नोटिस मिल रहे हैं। जबकि, किसान बेमौसम बारिश की मार से जूझ रहा है।

चलाई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया और मुठभेड़ शुरू हो गई।

इस बीच एक बदमाश और एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। पुलिस ने घायल प्रवीण उर्फ कुक्कु निवासी भूरा कैराना शामली, राशिद उर्फ गुलफाम निवासी छछरोली थाना यमुनानगर हरियाणा और उस्मान पुत्र खुर्शीद निवासी बाडी माजरा थाना गंगोह जिला सहारनपुर को गिरफ्तार कर लिया। भटनागर ने बताया कि प्रवीण मुकीम काला गैंग का प्रमुख शूटर है। बदमाशों के पास से दो तमंचे, 49 ग्राम चरस और पांच किलो डोडा पोस्त बरामद किया गया है।


**विकल्प सेक्युरिटीस लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय: 25/38, कराची खाना, कानपुर, उत्तर प्रदेश-208001
सीआइएन: L65993UP1986PLC007727, टेलिफोन: 0512-2372665
ई-मेल: vikalpsecuritieslimited@gmail.com
वेबसाइट: www.vikalpsecurities.com

**सूचना**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीयन कर्तव्य तथा प्रकटीकरण आवश्यकताओं) विनियमन, 2015 के विनियमन 47 (1) (a), विनियमन 33 तथा विनियमन 29 के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कंपनी के निर्देशक मंडल की बैठक सोमवार, 10 फरवरी, 2020 को कंपनी के पंजीकृत कार्यालय 25/38, कराची खाना, कानपुर, उत्तर प्रदेश- 208001 में होगी जिसमें, अन्य विषयों के अतिरिक्त, 31 दिसम्बर, 2019 को समाप्त हुई तिमाही की अवधि के कंपनी के गैर लेखा परीक्षित वित्तीय नतीजों पर विचार किया जाएगा और उन्हें मंजूरी दी जाएगी। संबंधित सूचना कंपनी की वेबसाईट www.vikalpsecurities.com तथा बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की वेबसाईट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।

विकल्प सेक्युरिटीस लिमिटेड के लिए
हस्ता./-
अरुण केजरीवाल
प्रबंध निर्देशक
DIN (डिन): 00687890

स्थान: कानपुर
दिनांक: 03 फरवरी, 2020


# मजदूर की सिर कुचल कर हत्या, बाप-बेटी गिरफ्तार

वाराणसी, 3 फरवरी (जनसत्ता)।

लंका थाना क्षेत्र के नुआंव गांव स्थित ईंट-भट्ठे पर सोमवार को मजदूर की हत्या सिर कुचल कर की गई। लंका थाने की पुलिस वारदात की तफ्तीश में जुट गई। पुलिस के आलाधिकारी भी मौके पर स्थल पर पहुंचे। मृतक के पिता की तहरीर पर लंका थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। लंका थाने के इंस्पेक्टर ने बताया कि नारायणपुर के रहने वाले सुनील कुमार सिंह का नुआंव गांव में ईटभट्ठे पर ईंट पथाई को काम करने वाले नारायणपुर टड़िया निवासी नरसिंह बिंद (23) की सोते समय किसी हत्या कर दी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसएसपी ने बताया कि मौके से एक शबनम नामक युवती और उसके पिता भगेलू को गिरफ्तार किया गया। मृतक के पिता मोहन की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया।

# सीएए विरोधी बैनर पर छाए रहे गांधी-आंबेडकर

सहारनपुर, 3 फरवरी (जनसत्ता)

नागरिक संशोधन कानून और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर को लेकर खासकर मुसलिमों की विरोधस्वरूप प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

आंदोलनकारी छात्र और मुसलिम समाज के लोग जामिया, शाहीन बाग की तर्ज पर देवबंद के दारूल उलूम क्षेत्र में आठ दिन से प्रदर्शन कर रहे हैं। इसमें विशेष बात यह है कि मुसलिम औरतों के धरना स्थल पर जो बड़े-बड़े बैनर लगे हैं, उन पर महात्मा गांधी और डॉ भीमराव आंबेडकर के फोटो एक साथ लगाए गए हैं।

महात्मा गांधी ने अछूतोद्धार के लिए जीवन पर्यंत आंदोलन चलाया। वे छुआछूत को बड़ा पाप मानते थे और उन्हें उस स्थिति से बाहर निकालने को प्रयासरत रहे। जबकि डॉ आंबेडकर का काम उन जातियों को जागरूक करने तक सीमित रहा।

डॉ आंबेडकर छुआछूत को अपराध मानते थे। भारतीय नौजवान पीढ़ी खासकर युवा प्रगतिशील छात्रों का समूह गांधी और आंबेडकर को आज एक ही पाले में रखकर दोनों को याद कर रहा है और अपने अधिकारों के लिए उनके नाम का भरपूर इस्तेमाल कर रहा है।

दारूल उलूम क्षेत्र में मुसलिम औरतों के धरने पर 24 घंटे भारी भीड़ जुटी हुई है। शहीन बाग और जामिया इलाके में शरारती युवकों द्वारा फायरिंग किए जाने की घटनाओं के बाद एसएसपी सहारनपुर दिनेश कुमार प्रभु ने देवबंद का दौरा कर वहां कैम्प कर रहे एसपी देहात विद्यासागर मिश्र को निर्देश दिए कि देवबंद के धरना स्थल की सुरक्षा बढ़ा दी जाए।

इसे ध्यान में रखते हुए रेपिड एक्शन फोर्स और महिला पुलिसकर्मियों द्वारा घेराबंदी बढ़ा दी गई।


**इंडियन बैंक Indian Bank**

अंचल कार्यालय: 2-बी, हबीबुल्लाह इस्टेट, 11, महात्मा गाँधी मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ

**कब्ज़ा नोटिस {नियम 8(1) के तहत अचल सम्पत्ति हेतु}**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता ने इंडियन बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण का पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 8 और 9 के साथ सेक्शन 13 (12) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक द्वारा ऋणीयों को मांग सूचना (जिसका विवरण नीचे दिया गया है) जारी किया गया, जिसमें आगे यह कहा गया था कि उक्त नोटिस की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर बकाये चुकता कर दें।

ऋणीयों एवं जमानतकर्ताओं द्वारा राशि के चुकता न कर सकने पर एतद् द्वारा ऋणीयों एवं जमानतकर्ताओं व आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने, उपरोक्त अधिनियम की धारा 13(4) नियम 8 और 9 के साथ पठित उसे प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए इसमे नीचे लिखी सम्पत्तियों का कब्ज़ा ले लिया है। ऋणीयों व जमानतकर्ताओं को विशेष रूप से तथा आम जनता को सामान्य तौर पर सचेत किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा करने में सचेत रहे और इन संपत्तियों के बारे में किसी प्रकार का सौदा नीचे लिखी राशि ब्याज और अन्य खर्च के लिए इंडियन बैंक के प्रभारों के अधीन होगा। हम आपका ध्यान सरफेसी एक्ट की धारा 13(8) और नियमों के प्रावधानों की ओर आकर्षित करते हैं जो कि आपके प्रतिभूतियों से सम्बन्धित "Right of redemption" को दर्शाता है।

| क्र. सं. | ऋणकर्ता का नाम व पता /खाता सं. | अचल सम्पत्ति का विवरण | बकाया धनराशि / मांग सूचना की तिथि / कब्जा सूचना की तिथि |
|---|---|---|---|
| **शाखा- गोपीगंज शाखा** | | | |
| 1. | ऋणकर्ता:- श्री अमित कुमार जयसवाल OCC खाता सं. 6566957519 टर्म लोन खाता सं. 6566967367 | **बंधक सम्पत्ति:** सम्पत्ति के साम्यिक बंधक स्थित प्लॉट सं. 134, ग्राम कठौता, तालोका कोन्ध, परगना भदोही, तहसील ज्ञानपुर, जिला भदोही, श्रीमती अंजू देवी के नाम, **चौहद्दी (वर्तमान के अनुसार) :- पूर्व:** ऊपर उल्लिखित श्रीमती रेखा देवी का प्लॉट में हिस्सा **पश्चिम:** गुदड़ी पासी की भूमि, **उत्तर:** 8 फीट 3 इंच चौड़ी चक रोड (खडंजा), **दक्षिण:** जयप्रकाश सिंह की भूमि | बकाया धनराशि रू. 21,19,184.26 दिनांक 31.10.2019 से प्रभावी + उसपर ब्याज/लागत दिनांक 01.11.2019 / मांग तिथि: 11.11.2019 / कब्जा तिथि: 29.01.2020 |
| **शाखा- गोदौलिया शाखा** | | | |
| 1. | ऋणकर्ता:- मेसर्स वाई. एस. एसोसिएट प्रोप. श्री योगेश कुमार श्रीवास्तव सुरक्षित ओडी खाता सं. 6281038440 WCTL खाता सं. 6730813706 | **बंधक सम्पत्ति:** बैंक को गिरवी रखी गई सम्पत्ति स्थित आराजी सं. 648, मौजा- भारती, परगना- देहात अमानत, तहसील व जिला वाराणसी, **चौहद्दी:- पूर्व:** शरद कुमार व प्रभात कुमार की भूमि **पश्चिम:** रास्ता 8 फीट चौड़ा, **उत्तर:** शरद कुमार व प्रभात कुमार की भूमि, **दक्षिण:** सीमा देवी की भूमि | बकाया धनराशि रू. 28,15,588.31 दिनांक 31.10.2019 से प्रभावी + उसपर ब्याज/लागत दिनांक 01.11.2019 / मांग तिथि: 11.11.2019 / कब्जा तिथि: 29.01.2020 |

दिनांक: 04.02.2020 स्थान: लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक


# हैदरपुर झील में बीस हजार पक्षियों की मौजूदगी का दावा

सहारनपुर, 3 फरवरी (जनसत्ता)।

हैदरपुर वेटलैंड पर आयोजित दो दिवसीय विश्व महोत्सव में देशभर से पधारे 75 पक्षी विशेषज्ञों ने दावा किया कि हैदरपुर की झील में फिलहाल करीब 20 हजार पक्षी मौजूद हैं, जिनमें 110 प्रवासी प्रजाति और 157 प्रजाति स्थानीय है। इनमें कई दुर्लभ और विलुप्त प्रजाति के पक्षी भी हैं, जिनके संरक्षण को वैटलैंड की कारगर प्रबंध व्यवस्था की कार्य योजना तैयार की गई है।

मुंबई के पक्षी एवं प्रकृति इतिहास संस्थान के अध्यक्ष अरशद रहमानी ने सोमवार को अंतिम सत्र में विस्तार से विचार रखे। उन्होंने कहा कि सात-आठ माह के अल्पकाल में ही हैदरपुर वैंटलैंड पर किया गया काम संतोषजनक है और उसमें सुधार किए जाने की जरूरत है। डब्लूडब्लूएफ के सीइओ रवि सिंह, मोहम्मद शाहनवाज खान और नितिन कौशल, नेशनल इंस्टीच्यूट आफ इकोलाजी के अध्यक्ष ब्रज गोपाल ने भी विचार रखे। समापन समारोह में सभी पक्षी और प्रकृति विशेषज्ञों को सहारनपुर के कमिश्नर संजय कुमार ने स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।

# दो बच्चों के साथ जहर खा कर की खुदकुशी

बदायूं, 3 फरवरी (भाषा)।

थाना वजीरगंज क्षेत्र में पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद के कारण पत्नी ने अपने दो मासूम बच्चों के साथ जहर खाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने सोमवार को बताया कि बच्चों की तत्काल मौत हो गई जबकि महिला ने इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के दौरान दम तोड़ दिया।

उप जिला अधिकारी (बिसौली) सीपी सरोज ने बताया कि थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव अल्लुआ पसतोरा निवासी बिजनेस कुमार का अपनी पत्नी प्रेमवती से कई दिन से ननद के विवाह को लेकर विवाद चल रहा था।

प्रेमवती इस बात को लेकर बिजनेस से नाराज थी कि दो अन्य भाइयों के होते हुए ननद के रिश्ते की जिम्मेदारी बिजनेस ने क्यों उठा रखी है। इसी बात को लेकर रविवार दिन में दोनों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट भी हुई, जिसके बाद बिजनेस घर से चला गया।पति के व्यवहार से क्षुब्ध प्रेमवती (36) ने रविवार रात गुस्से में अपने दोनों बेटों मोहित (8) व रोहित (5) को खाने में सल्फास मिलाकर खिलाया और फिर खुद भी निगल लिया। देर रात तीनों की हालत बिगड़ने लगी। बच्चों और प्रेमवती को उल्टी करते देख परिजन उन्हें बिसौली स्थित एक प्राइवेट अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसके दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। गंभीर हालत में प्रेमवती को बरेली हायर सेंटर रेफर किया गया लेकिन रास्ते में उसकी भी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही वजीरगंज और बिसौली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और सभी के शव को शवगृह में रखवा दिया।